दिनांक 8.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई

’आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्थित शौचालय को किया जा रहा है चकाचक’

भिलाईनगर/आयुक्त सुंदरानी ने स्मृति नगर चौक स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया जिसमें आयुक्त महोदय द्वारा शौचालय में पानी, बिजली, विकलांग हेतु रैंप ,फीडबैक की मशीन, मग्गा ,बाल्टी, सफाई ,वॉल पेंटिंग / लेखन ,आने जाने वाले व्यक्तियों की संख्या एवं केयरटेकर की उपस्थिति की जानकारी ली।

आयुक्त ने सभी शौचालयों के समीप रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के निर्देश दिए हैं इसी के परिपालन में रिसाली जोन में टंकी मरोदा एवं नेवई में स्थित शौचालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने का कार्य अंतिम चरण में है।

जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत भिलाई रेलवे स्टेशन के समीप स्थित शौचालय में केयरटेकर द्वारा शौचालय की देखरेख के साथ– साथ शौचालय के अपशिष्ट पानी का उपयोग कर सब्जी तैयार किया जा रहा है, जो कि केयरटेकर के दैनिक उपयोग में बहु उपयोगी साबित हो रही है।

अधीक्षण अभियंता आर.के. साहू द्वारा भी जोन क्रमांक तीन क्षेत्र अंतर्गत शौचालय का भ्रमण किया गया। आयुक्त सुंदरानी के निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त संजय बागड़े, सहायक अभियंता सुनील दुबे, उप अभियंता निकहट सबरीन ,स्वास्थ्य निरीक्षक बालकृष्ण नायडू सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी